कल्याण भूमि में सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण

सूरतगढ़, (कासं)। मुख्य कल्याण भूमि में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 10 सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण रविवार को एक सादे समारोह में किया गया।

यह पहल समाजसेवी भामाशाह विजय मुदगल के सहयोग से संभव हुई जिन्होंने कल्याण भूमि में बढ़ती चोरियों को रोकने के लिए ये कैमरे लगवाए हैं। इस मौके पर कल्याण भूमि के मुख्य द्वार को भव्य बनाने की घोषणा भी की गई, जिसका शिलान्यास प्रथम नवरात्रि को होगा। कल्याण भूमि के अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि हाल के दिनों में दानपात्रों और अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाएं बढ़ रही थी। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने और सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता महसूस की गई।

इस जरूरत को देखते हुए समाजसेवी विजय मुदगल से संपर्क किया गया। उन्होंने तुरंत 10 सीसीटीवी कैमरे लगवाने की घोषणा की। उनकी इस पहल ने कल्याण भूमि की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। लोकार्पण समारोह में भामाशाह लड्डू मुदगल ने कल्याण भूमि के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने मुख्य द्वार को भव्य और आकर्षक बनाने की योजना की घोषणा की, जिसका शिलान्यास प्रथम नवरात्रि के शुभ अवसर पर किया जायेगा। समारोह में संरक्षक डॉ. के. एल. बंसल, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, सचिव इंदरचंद जैन, कोषाध्यक्ष संजय बैद, सह सचिव भीम जोशी, समाजसेवी जगदीश स्वामी, महेंद्र बैद मौजूद थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हुंकार, नियमित करने की मांग

सूरतगढ़, (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग और महिला अधिकारिता विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और ग्राम साथिनों की जिला स्तरीय आमसभा रविवार को चौपड़ा धर्मशाला में आयोजित की गई।

- नियमितिकरण के लिए संगठन हाईकोर्ट जायेगा
- न्यूनतम वेतन के बराबर 24-26 हजार रूपये मानदेय की मांग

सूरतगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और ग्राम साथिनों की जिला स्तरीय आमसभा में नियमित करने की हुंकार भरी।

सूरतगढ़ के महिला एवं बाल विकास विभाग और महिला अधिकारिता विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और ग्राम साथिनों की जिला स्तरीय आमसभा रविवार को चौपड़ा धर्मशाला में आयोजित की गई।

अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के नेतृत्व में हुई आमसभा में बड़ी संख्या में उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं ने नियमित करने की मांग को बुलंद करते हुए न्यूनतम वेतन के लिए हाईकोर्ट की शरण में जाने का ऐलान किया।

इस मौके पर संघ के संस्थापक और संरक्षक छोटीलाल बुनकर ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार को आंगनबाड़ी कार्मिकों व ग्राम साथिनों को नियमित करने के लिए ठोस नीति का निर्धारण करना चाहिए। जब तक यह नीति लागू नहीं होती है, तब तक उन्हें न्यूनतम वेतन के बराबर 24 से 26 हजार रूपए तक मानदेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन इस मांग को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती देगा।

बुनकर ने कहा कि भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में 13 हजार रूपए न्यूनतम मानदेय करने और पिछले बजट में ग्रेच्युटी भुगतान की घोषणा भी अभी तक लंबित पड़ी है। उन्होंने कहा कि ग्राम साथिनों को महिला पर्यवेक्षक पदों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नौनिहालों के पोषण के साथ प्रारंभिक शिक्षण का भी महत्वपूर्ण कार्य करती है। इसलिए उन्हें नर्सरी टीचर का दर्जा मिलना चाहिए। साथ ही सेवानिवृति पर पेंशन का प्रावधान किया जाए ताकि कार्यकर्ताओं को भविष्य में आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने कहा कि संगठन की यह लड़ाई आंगनबाड़ी बहनों के हक और सम्मान की है। प्रदेश मंत्री सीमा भाटी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करें। जिलाध्यक्ष रजनी छाबड़ा, साथिन जिलाध्यक्ष निर्मला बिश्नोई, कार्यकारी अध्यक्ष सर्वजीत कौर, सादुलशहर ब्लॉक अध्यक्ष सुलोचना कुलदीप, जिला महामंत्री अमरपाल कौर, पदमपुर की सविता भदोरिया सहित कई वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता लगातार मेहनत कर रही है और उन्हें उचित हक मिलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक लड़ाई जारी रहेगी।

राज्यपाल बागड़े आज श्रीगंगानगर आयेंगे

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े सोमवार को श्रीगंगानगर आयेंगे। वे यहां दोपहर 2 बजे सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट के 'शिक्षा का अमृत महोत्सव-शताब्दी की ओर' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरू प्रो. मनोज दीक्षित होंगे।

यह जानकारी विधायक एवं बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष जयदीप बिहाणी ने दी। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े के दौरे को लेकर मिनट टू मिनट शैड्यूल प्राप्त हो गया है। वे दोपहर 2 बजे सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म एसडी कॉलेज परिसर में स्थित भामाशाह सुशील कुमार बिहाणी ऑडिटोरियम में पहुंचेंगे। विधायक ने बताया कि ट्रस्ट के इस भव्य एवं गरिमापूर्ण समारोह की तैयारियां बड़े स्तर पर की गई है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट की स्थापना को 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में ट्रस्ट के अंतर्गत बिहाणी एस.डी. स्कूल, बिहाणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, बिहाणी एस.डी. कॉलेज, बिहाणी फार्मेसी कॉलेज, सेठ सुशील कुमार बिहाणी शिक्षा महाविद्यालय तथा बिहाणी विधि महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। महोत्सव में राज्यपाल द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा भामाशाह सुशील कुमार बिहाणी स्टूडेंट ऑफ दी ईयर अवार्ड देंगे।

सार-समाचार

विकास कार्यों का लोकार्पण

सांसद कुलदीप इंदौरा ने 4 केएसएम (बांडा) में विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

अनूपगढ़, (कासं)। सांसद कुलदीप इंदौरा ने तीन ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम 4 केएसएम (बांडा) में आयोजित किया गया। पंचायत समिति प्रधान राधा गोपाल डागला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ग्राम पंचायत बांडा में 70 लाख रूपए की 7 इंटरलॉकिंग सड़कें और 30 लाख रूपए के अन्य कार्य शामिल हैं। बांडा कॉलोनी में 50 लाख रूपए की 5 इंटरलॉकिंग सड़कें और 40 लाख रूपए के विकास कार्य किए गए। ग्राम पंचायत 30 एपीडी में 40 लाख रूपए की इंटरलॉकिंग सड़कें और 20 लाख रूपए के अन्य विकास कार्य पूरे किए गए। ग्रामवासियों ने सड़कों और खेल मैदान के निर्माण के लिए सांसद और सरपंचों का आभार व्यक्त किया। सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ शर्मा ने कबड्डी मैट की मांग की। ग्रामीणों ने अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपे। सांसद ने सभी मांगों के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सरपंच देवेन्द्र पाल सिंह राठौड़, पूर्णमल, दिनेश शर्मा, जरनैल सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेतराम ज्यानी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष साहिल कामरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। विजय कुमार चराया ने मंच संचालन किया।

शिविर में 353 यूनिट रक्तदान

समता युवा संघ नोखा द्वारा आचार्य नानेश के 26 वें स्मृति दिवस पर रक्तदान युवाओं ने रक्तदान किया।

नोखा, (कासं)। समता युवा संघ नोखा द्वारा आचार्य नानेश का 26 वां स्मृति दिवस व आचार्य रामेश पदारोहण दिवस पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी अमित लालनी, रजत संखलेचा व राजेश चौरड़िया ने बताया कि सेठिया धार्मिक भवन, जैन चौक में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ मुमुक्षु बहन वंदना भूरा ने मंगलाचरण के साथ किया। रक्तदान शिविर में बीकानेर पीबीएम ब्लड बैंक द्वारा ब्लड संग्रहण किया गया। इस रक्तदान शिविर में 401 पंजीयन हुए जिसमें कुल 353 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर के संयोजक अमित लालानी ने बताया कि नोखा में यह ऐतिहासिक रक्तदान शिविर रहा जिसमें समता युवा संघ, नोखा द्वारा 353 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष मदनलाल लूणीया, मंत्री बाबूलाल कांकरिया, महेन्द्र भूरा, युवा संघ के अध्यक्ष जीतेन्द्र गोलछा, मंत्री वीरेंद्र बैद, सेठिया भवन अध्यक्ष सुन्दर लाल बोथरा, शिकर चन्द पीचा, भींवराज कांकरिया, सुनील संकलेचा, सुन्दरलाल संचेती, हड़मानमल पारख, कोषाध्यक्ष मनीष कांकरिया ने भी अपना योगदान दिया। सेठिया भवन अध्यक्ष सुन्दरलाल बोथरा सहित कई गणमान्य लोगों ने शिविर में हिस्सा लिया। महिला समिति, बालिका मंडल और युवा संघ के सदस्यों ने शिविर की व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। महिला शक्ति ने भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, ब्लड बैंक की टीम और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

जल मन्दिर का लोकार्पण

बीकानेर, (कासं)। धन की तीन गतियां होती है। भोग, दान या विनाश। दूसरों की सेवा के लिए अपनी अर्जित सम्पत्ति को अर्पित करना धन का सबसे बढिया उपयोग है। वे लोग धन्य होते हैं जो निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करते हैं। ये विचार गंगाशहर के सी.ओ. पार्थ शर्मा ने गंगाशहर में नोखा रोड़, पुराने बस स्टैण्ड पर नवीनीकृत फकीरचन्द सूरजमल राठी जल मन्दिर के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किए। कन्हैयालाल बोथरा ने इस पुनीत कार्य के लिए प्रेमरतन राठी परिवार के प्रति बहुत बहुत साधुवाद प्रकट किया। बोथरा ने कहा कि यह प्याऊ गंगाशहर के बस स्टैंड पर बीकानेर से देशनोक के रास्ते पर घड़सीसर के चौराहे पर स्थित है व पास ही अस्पताल, रेस्टोरेंट व ठेलेवालों की भरमार है। इससे यहां लोगों का जमावड़ा रहता है। उन सबके लिए यहां शीतल व शुद्ध जल की व्यवस्था हो जाने से इसका अच्छा उपयोग होगा। विश्वैसर भट्टड़ ने बताया कि आज से 60-70 वर्ष पूर्व ऊंटगाडों पर आना जाना होता था। यातायात की समुचित व्यवस्था नहीं होती थी। रास्ते में जल आदि की भी समुचित उपलब्धता दुभर होती थी। ऐसे समय में पानी व विश्राम स्थल के लिए सन् 1958 में सूरजमल राठी ने अपने पिता फकीरचन्द राठी की पावन स्मृति में इस प्याऊ का निर्माण करवाया था। वर्तमान की आवश्यकता के अनुरूप उनके वंशज प्रेमरतन राठी परिवार ने प्याऊ में शीतल व शुद्ध जल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर, ऑटोमैटिक सेंसर सहित वाटर टैंक आदि की समुचित सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है।

प्रभारी सचिव ने घग्गर बहाव क्षेत्र का लिया जायजा

सूरतगढ़, (कासं)। जिला प्रभारी सचिव राजेश कुमार यादव ने घग्घर नदी में बढ़ती पानी की आवक को देखते हुए राहत और बचाव की पुख्ता तैयारियों के निर्देश दिए। अतिवृष्टि से प्रभावित भवनों, स्कूलों, सड़कों और स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मत के प्रस्ताव तत्काल भेजने और फसलों व पशुधन के नुकसान का सर्वे कर प्रभावितों को सहायता राशि देने को कहा।

- अतिवृष्टि से प्रभावित भवनों, स्कूलों, सड़कों और स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मत के प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिए

जिला प्रभारी सचिव राजेश कुमार यादव ने सूरतगढ़ की पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में 'शहर और गांव चलो' अभियान की लेकर बैठक ली। उन्होंने चिन्हित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और सहकारिता सदस्यता अभियान को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को सीधा लाभ मिल सके बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन, अतिरिक्त कलेक्टर सुभाष कुमार, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता धीरज चावला, जिला रसद अधिकारी कविता सिहाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय सिंगला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी अभियानों को संचालित कर जनता को अधिकतम लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा ताकि जनता को पूरी जानकारी मिले।

समीक्षा में यादव ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि जहां बीमा कंपनियों ने अधिक पॉलिसियां निरस्त की हैं, वहां तत्काल कार्रवाई कर किसानों को राहत दी जाए। पंच गौरव योजना के तहत सूरतगढ़ के प्राचीन गढ़ और बुड्ढा जोहड़ के कार्य जल्द पूर्ण करने, नशामुक्त श्रीगंगानगर अभियान को जनसहयोग से प्रभावी बनाने, मौसमी बीमारियों की तैयारी करने तथा किसानों को खाद, बीज और उर्वरक सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद यादव ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ रंगमहल पुलिया पर घग्घर बहाव क्षेत्र का निरीक्षण किया। धीरज चावला ने पानी की आवक और आपात स्थिति की योजना की जानकारी दी। यादव ने बंधों को मजबूत करने, लोगों को जागरूक करने और 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित करने के निर्देश दिए।

संगरिया में 50 मिमी. बारिश

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले में 7 सितम्बर की सुबह तक हुई बारिश के आंकड़े सामने आये हैं। जिला मुख्यालय से लेकर जिलेभर में बारिश दर्ज की गई है। कहीं पर हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई।

बारिश को लेकर जिले में कल मौसम विभाग ने दो बार 3-3 घंटे की मध्यम और तेज बारिश का अलर्ट जारी किया था। जिला कलेक्टर कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार जिलेभर में कुल 268 मिमी. बरसात दर्ज हुई। सबसे ज्यादा पानी संगरिया और टिब्बी क्षेत्र में बरसा। संगरिया तहसील के ढाबा क्षेत्र में 50 मिमी और संगरिया में 43 मिमी दर्ज की गई। टिब्बी तहसील के टिब्बी स्टेशन पर 20 मिमी और तलवाड़ा झील में 23 मिमी बरसात हुई। हनुमानगढ़ मुख्यालय पर 15 मिमी, डबलीराठान और नौरंगदेसर में 12-12 मिमी, पीलीबंगा में 10 मिमी और रावतसर में 14 मिमी पानी गिरा। नोहर में 16 मिमी, रामगढ़ में 10 मिमी, फेफाना में 6 मिमी बारिश हुई।

लिव इन में, विवाद हुआ तो दुष्कर्म का आरोप

श्रीगंगानगर, (कासं)। लोगों के घरों में जागरण आदि धार्मिक आयोजन करने वाले लिव इन में साथ रह रहे जोड़े में विवाद हो गया। पंजाब निवासी 35 वर्षीय युवती ने पंजाब के ही साथ रह रहे 40 वर्षीय अधेड़ पर पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोप लगाये हैं।

- लिव इन में रहने वाला जोड़ा साथ गाने बजाने का काम करते थे

परिवादिया की ओर से पुलिस को दिए परिवाद के आधार पर आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे की जांच एसएचओ ज्योति नायक कर रही है। परिवादिया का मेडिकल परीक्षण करवाए जाने के बाद घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया गया है। मजिस्ट्रेट बयान करवाए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

आरोपी वारदात के बाद से ही फरार है। परिवादिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे पिछले तीन वर्षों से साथ रख रहा है। पहले वहां रहते थे। हाल ही में उसे श्रीगंगानगर लाकर किराये के मकान में रखा था।

परिवादिया ने बताया है कि वह तथा आरोपी बलजीत सिंह जागरण आदि लगाने, शादी, जन्मदिन और सामाजिक कार्यक्रमों में साथ गाने-बजाने का काम करते हैं। परिवादिया के अनुसार 26 अगस्त की शाम को आरोपी उसे ततारसर गांव में ले गया। वहां एक धार्मिक जागरण का आयोजन था। अगली सुबह वे वापस श्रीगंगानगर लौटे। थकान के कारण दोनों सो गए। दोपहर लगभग 3 बजे आरोपी ने अचानक परिवादिया के साथ उसकी मर्जी के खिलाफ दुष्कर्म किया। परिवादिया ने आरोपी को रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। घटना के बाद आरोपी उसे उसी मकान में छोड़कर गायब हो गया।

आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

नोखा, (कासं)। नोखा के बंधड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। किसान खेत में रखवाली करने के लिए गया था। घटना रात करीब 8 बजे हुई।

- नोखा के बंधड़ा में खेत पर रखवाली करते समय किसान पर बिजली गिरी

हैड कांस्टेबल मदन ने बताया कि नोखा के बंधड़ा में रहने वाले नारायण राम जाट (40) अपने खेत में रखवाली कर रहे थे। घटना के समय मौसम में अचानक बदलाव आया और बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली सीधे नारायण राम पर गिरी। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मृतक के शव को नोखा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। नोखा में शाम 7 बजे से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। यह बारिश आधे घंटे से अधिक समय तक चली। बारिश रूक-रूक कर कभी तेज तो कभी धीमी गति से होती रही।

शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया है। आसमान में बिजली की कड़क और चमक से लोग घरों में दुबके हुए हैं। साढ़े आठ बजे से फिर मूसलाधार बारिश शुरू हुई। नोखा में रात को 60 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश से फसलों को नुकसान है।

घग्घर नदी के बांध में आया कटाव

अनूपगढ़,(कासं)। गांव एक बीएमएम में रविवार सुबह 5 बजे घग्घर नदी के बांध में 50 फीट चौड़ा कटाव आ गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पटवारी इंद्रजीत को दी। सूचना मिलते ही पटवारी 6:30 बजे मौके पर पहुंचे।

प्रशासन की ओर से एडीएम अशोक सांगवा, तहसीलदार दिव्या चावला, घग्घर नदी के एईएन रामनिवास जाखड़ और जेईएन श्रीराम बाजिया भी मौके पर पहुंचे। कटाव वाली जगह तक संसाधनों को ले जाने का रास्ता नहीं होने से प्रशासन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। घग्घर नदी का पानी लगभग 150 बीघा कृषि भूमि में फैल गया है। इससे खेतों में खड़ी नरमे और धान की फसल को नुकसान की आशंका है।

सोलर प्लांट के लिए खेजड़ी के पेड़ों में यूरिया-तेजाब डाला

बीकानेर, (कासं)। सोलर प्लांट लगाने के लिए खेजड़ी के पेड़ों को हटाने में अब यूरिया और तेज़ाब का इस्तेमाल होने लगा है। पांचू के धरनोक की रोही में 20 पेड़ों की जड़ों में यूरिया और तेज़ाब डालने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए।

- पांचू के धरनोक की रोही में 20 पेड़ों की जड़ों में यूरिया और तेज़ाब डालने का मामला सामने आया

जानकारी के अनुसार धरनोक की रोही में अंजना सन पावर प्राइवेट लिमिटेड कुसुम योजना के तहत 25 बीघा में सोलर प्लांट लगाने की तैयारी कर रही है। देर रात कुछ लोग दो ट्रैक्टरों से खेजड़ी की जड़ों को मशीन से ड्रिलिंग करके खोद रहे थे। उसके बाद उसमें यूरिया और तेज़ाब डालकर वापस रेत से भर रहे थे। ट्रैक्टरों की लाइटें बंद थी। काम अंधेरे में हो रहा था, लेकिन देर रात लगातार ट्रैक्टर चलने की आवाज़ से आसपास के खेतों में किसान आशंकित हुए। कुछ ही देर में यह बात आग की तरह फैल गई। साइंसर, धरनोक और नाथूसर के ग्रामीण काफी संख्या में खेत पर पहुंचे। उन्हें देख लोग गाडियां लेकर भाग खड़े हुए। जल्दबाज़ी में दो ट्रैक्टर और एक ट्रॉली वहीं छोड़ गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण खेत में ही धरने पर बैठ गए। तहसीलदार नोखा, वन विभाग रेंज नोखा और पुलिस थाना पांचू को सूचना दे दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी एक खेत में ऐसे ही खेजड़ी के पेड़ों को सुखाया गया था। यूरिया और तेज़ाब के कारण कुछ ही दिन में पेड़ सूखकर गिर जाता है। उन्होंने बताया कि आरी चलाने पर पकड़े जाने के डर से सोलर कंपनी वालों ने यह तरीका अपनाया है। नागौर की सोलर कंपनी ने यह खेत लीज़ पर लिया है।

बीमा कर्मचारियों के महाधिवेशन में नई भर्ती और विदेशी निवेश के खतरों की गूंज

बीकानेर,(कासं)। बीमा कर्मचारियों के उत्तरी क्षेत्र के संगठन नॉर्दर्न जोन इंश्योरेंस एंप्लायज एसोसिएशन का 34 वां महाधिवेशन स्थानीय स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में चल रहा है।

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में आयोजित बीमा कर्मचारियों के महाधिवेशन को राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. रमेश ने संबोधित किया।

संगठन के महासचिव नवीन चंद ने त्रैवार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रतिवेदन में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का विवरण, श्रम जगत के हालात, पुरानी पेंशन की बहाली, संविधान पर उत्पन्न खतरों, औद्योगिक परिदृश्य, संगठन की एतिहासिक उपलब्धियों, वेतन पुनरीक्षण, पारिवारिक पेंशन, कर्मचारियों के लम्बित मुद्दों के साथ- साथ संगठन के आगे की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में नई भर्ती की मांग को प्रतिवेदन में प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 1995 में भारतीय जीवन बीमा निगम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की संख्या 121410 थी। जबकि उस समय बीमा पॉलिसी की संख्या 6.55 करोड़ थी। जबकि 31मार्च 2024 की समाप्ति पर कर्मचारियों की संख्या मात्र 98661 रह गई। जबकि बीमा पॉलिसियों की संख्या 26.85 करोड़ हो गई है इस प्रकार जहां एक ओर पॉलिसियों की सेवा की संख्या वृद्धि हुई है। वहीं कर्मचारियों की संख्या में 20 करोड़ की वृद्धि हुई है। वहीं कर्मचारियों की संख्या में 22749 की कमी हुई है। अत: कर्मचारियों की नई भर्ती अपरिहार्य हो गई है।

- मुद्दों में नई भर्ती की मांग को प्रतिवेदन में प्रमुखता से उठाया

प्रतिवेदन पर हो रही बहस में आल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लायज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. रमेश ने भाग लिया। बहस में भाग लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. रमेश ने संगठन की स्थापना के उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन की स्थापना 01 जुलाई 1951 को हुआ था। संगठन का प्रथम प्रस्ताव की मांग बीमा उद्योग के राष्ट्रीयकरण की थी।

मुस्लिम समाज ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया सहयोग

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ के मुस्लिम समाज ने पंजाब के बाढ़ पीडितों की मदद के लिए आगे आकर सहयोग किया है। गुरूद्वारा सिंह सभा परिसर में सर्व समाज बाढ़ पीड़ित मंच को 1 लाख 13 हजार 600 रूपए की राशि और तीन क्विंटल गेहूं सौंपा गया।

अनूपगढ़ के मुस्लिम समुदाय ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 1.13 लाख रूपए और तीन क्विंटल गेहूं सौंपे।

मंच के प्रतिनिधि जलंधर सिंह तूर ने बताया कि इससे पहले भी सर्व समाज के लोग पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राशन भेज चुके हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग पंजाब वासियों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। जरूरत पड़ने पर वे स्वयं पंजाब जाकर मदद करने को तैयार हैं। मुस्लिम समाज के मुराद खान ने कहा कि मानवता की सेवा में धर्म का कोई भेदभाव नहीं होता। इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है।

समाज ने इसी सोच के साथ आपसी सहयोग से राशि और सामग्री एकत्रित की। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष सतपाल मुंजाल, जलंधर सिंह तूर, दर्शन सिंह, मुकंद सिंह, गुरविंदर जाखड़, कुलदीप गिल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। राज खान, असगर अली, रमजान, सफी मोहम्मद, जुम्मे खान और सद्दाम खान सहित बड़ी संख्या में भाग लिया।